प्रत्येक जनपदों में नियमित आयोजित की जाएं चुनावी पाठशाला – अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी

– अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली स्वीप गतिविधियों की समीक्षा बैठक

– स्वीप गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश

– बैठक में सभी जिलों के सीडीओ और मुख्य शिक्षा अधिकारी रहे उपस्थित

देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदण्डे ने बुधवार को सचिवालय में सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारियों के साथ स्वीप गतिविधियों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी जनपदों द्वारा इस वर्ष अबतक किए गई स्वीप गतिविधियों,जन जागरुकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों से जिला स्वीप आईकॉन, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) डिग्री कॉलेज के कैंपस एम्बेसडर एवं चुनावी पाठशाला के संबंध में जिलेवार विस्तृत जानकारी ली।

बैठक में अपर मुख्य अधिकारी ने सभी जनपदों को निर्देश दिए की जिला स्तर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के स्तर पर चुनावी पाठशाला का रोस्टर तैयार किया जाए। जिन जनपदों में जिला ऑईकॉन स्कूल कॉलेजों में कैंपस एम्बेस्टर नहीं हैं वहां तत्काल नियुक्ति प्रर्क्रिया शुरु की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी जनपद स्तर पर स्वीप आईकॉन को ईएलसी और चुनाव पाठशाला जैसे कार्यक्रमों में नियमित आमंत्रित किया जाए।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के सभी ईएलसी एवं कैंपस एंबेसडर का डेटा वेरीफाई कर उनकी नियमित गतिविधियों का डाटाबेस बनाया जाए। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार एक भव्य जनपद स्तरीय मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए जिसमें जिलों के वरिष्ठ अधिकारी का स्वयं कार्यक्रम में हों। एसीईओ ने यह भी निर्देश दिए कि मतदाता जागरुकता एवं स्वीप गतिविधियों के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग किया जाए।

इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी,श्रीमती मुक्ता मिश्र, अनुभाग अधिकारी बसंत रावत सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
Chief Electoral Officer, Uttarakhand